हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 दिसंबर 2025



06 एसआईआरः 100 फीसदी डिजिटलाइजेशन पूर्ण, 94.44 प्रतिशत मैपिंग...




10 दिव्यांगजनों के साथ समानता का व्यवहार किया जाना चाहिएः राठौर



## खबर संक्षेप

### समेरिटंस के छात्र हर्षवर्धन राष्ट्रीय तैराकी में चयनित




**नर्मदापुरम।** समेरिटंस के छात्र हर्षवर्धन का चयन दिल्ली में चल रही 19 वर्ष बालक राष्ट्र स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश दल में हुआ है। इस उपलब्धि पर समेरिटंस शाला के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, प्राचार्या प्रेरणा रावत, डॉ. सचिन खम्परिया, विनोद कुमार साहू, ऑस्कर, विक्रांत खम्परिया, राजेन्द्र रघुवंशी, वैशाली तिवारी द्वारा बधाई और आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### 17 दिसंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला

**नर्मदापुरम।** युवाओं को स्वरोजगार, रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से "युवा संगम – रोजगार मेला" का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम के तत्वावधान में बुधवार, 17 दिसंबर 2025 को किया जायेगा। उक्त रोजगार मेला माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर, जिला-नर्मदापुरम में संपन्न होगा। मेले विभिन्न संस्थान शामिल होंगे।

### एसआईआर में सोहागपुर का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य संपन्न

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सोहागपुर विधानसभा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में विधानसभा 138 सोहागपुर में डिजिटाइजेशन का कार्य 100% पूर्ण कर लिया गया है। जिससे जिले में सोहागपुर विधानसभा की स्थिति निर्वाचन संबंधी मामले में अव्वल हो गई है। सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2,47,213 मतदाताओं में से 2,40,775 मतदाता अर्थात 97.40% मतदाता डिजिटाइज़ हुए हैं। वहीं शेष 6,449 अर्थात 2.61% मतदाता मृत या शिफ्टेड या दोहरी प्रविष्टि और अनुपस्थिति श्रेणी में हैं। जिसके कारण इन मतदाताओं के नाम हटेंगे। जानकारी अनुसार 3291 अर्थात 1.33% मतदाताओं की जानकारी 2003 की मतदाता सूची अनुसार प्राप्त नहीं हुई है। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने बताया गया कि 314 मतदान केंद्र में से 127 माखन नगर में, 40 इटारसी में और 147 सोहागपुर में हैं। इन मतदान केंद्रों के दलों ने चार नवंबर 2025 से एसआईआर कार्य प्रारंभ किया गया था। जिसे बुधवार को 100% पूर्ण कर लिया गया है।

जिले में विधानसभा 138 सोहागपुर में डिजिटाइजेशन का कार्य 100 फीसद पूर्ण कर लिया गया है। जिससे जिले में सोहागपुर की स्थिति अव्वल हो गई है।

- मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य के सर्वे के लिए बीएलओ सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के प्रयास जारी हैं।



#### दावा आपत्ति की अवधि 16 दिसंबर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा **SIR**–2026 का संशोधित कार्यक्रम भी जारी किया गया है, जिसके अनुसार गणना पत्रक भरने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2025, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर 2025, दावा-आपत्ति अवधि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक, दस्तावेज़ सत्यापन 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा। संपूर्ण प्रक्रिया 14 फरवरी 2026 तक संचालित होगी, बीएलओ तीन बार घर-घर जाकर सत्यापन सुनिश्चित करें, 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम फॉर्म-6 एवं घोषणा पत्र भरकर जमा कर सकेंगे।

#### ये रहे संलग्न

जानकारी अनुसार एसआईआर कार्य में विकासखंड स्तर के समस्त अधिकारियों ने सेक्टर अधिकारी के रूप में कार्य किया। सुपरवाइजर तथा बीएलओ की सहायता के लिए चार कर्मचारियों की टीम का गठन किया था। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, ग्राम पंचायत सचिव एवं जीआरएस को शामिल किया गया था। इस सफलता पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित समस्त उच्च अधिकारियों ने सभी सेक्टर अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, बीएलओ और उनके सहयोगी कर्मचारी को योगदान के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

#### विधानसभाओं की स्थिति

विधानसभा सिवनी मालवा में कुल 2,48,509 मतदाताओं में से 2,42,500 (97.58%) का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जबकि केवल 1,414 (0.57%) मतदाता शेष है। विधानसभा होशंगाबाद में 2,26,300 मतदाताओं में से 2,06,085 (91.07%) का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। इस क्षेत्र में 11,166 (4.93%) मतदाता शेष है। जिसे प्राथमिकता से पूर्ण कराया जा रहा है। विधानसभा पिपरिया में 2,39,143 मतदाताओं में से 2,30,772 (96.50%) का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। वहीं 1,724 (0.72%) मतदाता शेष है। ,एसआईआर का कार्य 11 दिसंबर तक जारी रहेगा।

# बधाई वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुटों के बीच हिंसक विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में किन्नरों के दो गुटों के बीच बधाई वसूली को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को हिंसक हो गया। इस विवाद में दोनों गुटों के सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की और कपड़े तक फाड़ दिए। इस घटना ने शहर की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और स्थानीय निवासियों ने बड़ी गैंगवॉर की आशंका जताई है।

### वसूली क्षेत्र को लेकर पुराना विवाद

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विवाद का मूल कारण वसूली का क्षेत्र है। मीरा, पिंकी, और आश्मा किन्नर का गुट कुछ समय बाद शहर में लौटा और बधाई वसूली करने लगा। इस दौरान रेशमा और तमन्ना के नेतृत्व में दूसरा गुट इटारसी में सक्रिय हो गया था। पहले मौखिक रूप से चल रही यह रस्साकशी बुधवार सुबह उस वक्त भड़क उठी जब रेशमा और तमन्ना का गुट स्वप्नेश्वर मंदिर के पास रह रहे दूसरे गुट के पास जा पहुंचा। बहस कुछ ही मिनटों में मारपीट में बदल गई, जिससे क्षेत्र में तनाव फैल गया।

झगड़े के दौरान दोनों गुटों के किन्नरों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाए और अभद्रता करते हुए एक-दूसरे को नग्न तक कर डाला। इस दृश्य से वहां मौजूद आम नागरिकों को गहन असहजता महसूस हुई। मामला बिगड़ता देख यह विवाद सिटी थाने पहुंचा। मुखिया ने लगाया क्षेत्र में घुसपैठ का आरोप किन्नरों के मुखिया गौरी बाई किन्नर ने इस मामले में बयान देते हुए कहा कि स्वप्नेश्वर हनुमान मंदिर क्षेत्र वाला गुट पहले ट्रेनों में वसूली करता था, लेकिन अब वे घरों में घुसकर वसूली करते हैं और अभद्रता भी करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे लोग अब उनके क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे हैं, जबकि उन्हें अपने पुराने क्षेत्र में ही काम करना चाहिए।

सिटी पुलिस ने मामले में शिकायत आने की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि मामले की गहन जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता इस तरह के सरेराह हिंसक और अभद्र विवाद सार्वजनिक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वे दोनों गुटों के बीच तनाव को तत्काल नियंत्रित करें। इस संबंध में शहर पुलिस ने कहा कि हमने दोनों गुटों से बातचीत की है, अभी दोनों ही अपनी बात पर अड़े हैं, आज मेहरागांव क्षेत्र में दोनों गुटों में टकराव के बाद मारपीट हुई है, सभी को मेडिकल के लिए भेजा है, फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के प्री-प्राइमरी सेक्शन में शेप वीक का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में आज प्री-प्राइमरी सेक्शन में शेप वीक की शुरुआत उत्साहपूर्ण और रचनात्मक माहौल में हुई। पहले दिन की थीम सर्कल (वृत्त) रखी गई थी। इस अवसर पर स्टेज, कक्षाओं और विद्यालय प्रांगण को सर्कल से संबंधित रंग-बिरंगी वस्तुओं, चार्ट्स और सजावट से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण बच्चों के लिए सीखने योग्य एवं मनमोहक बन गया।

दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें शिक्षिकाओं ने बच्चों को उनके आसपास मौजूद सर्कल आकार की वस्तुओं की पहचान करवाई। राइम्स, बातचीत और मजेदार गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने सर्कल के आकार, उपयोग और महत्व को सरलता से समझा तथा उत्साहपूर्वक भाग लिया। आज बच्चों ने सर्कल शेप से जुड़े लंच आइटम भी लाए, जिससे सीख और वास्तविक अनुभव का सुंदर मेल देखने को मिला। आज की विशेष असेंबली यू.के.जी कक्षा द्वारा प्रस्तुत की गई। बच्चों ने गेंद, घड़ी, प्लेट, रिंग, चाँद आदि जैसी सर्कल आकार की वस्तुएँ दिखाकर उनके उपयोग और महत्व को रोचक ढंग से समझाया। प्रस्तुति के दौरान बच्चों का आत्मविश्वास और सामूहिक सहभागिता सराहनीय रही।

दिन का सबसे आकर्षक क्षण तब रहा जब प्री-प्राइमरी के सभी बच्चों को ग्राउंड में कैटरपिलर के आकार में खड़ा करवाया गया। बच्चों ने मिलकर कैटरपिलर की सुंदर आकृति बनाई और इस गतिविधि की मनमोहक फोटो भी ली गई, जिससे बच्चे बेहद उत्साहित नज़र आए। इस प्रकार सीख, आनंद और रचनात्मकता से भरपूर शेप वीक का प्रथम दिवस सर्कल डे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जहाँ बच्चों ने नए आकारों की दुनिया को मजेदार तरीके से जाना और अनुभव किया।

### रास महारास का आयोजन 13 से वृंदावन की प्रसिद्ध लीला मंडली आएगी



**नर्मदापुरम।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में रास महारास रास लीला का आयोजन 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक स्वयंवरम गार्डन में होगा। यह निर्णय बुधवार को आयोजित लीला आयोजन समिति की बैठक में किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि वृंदावन की प्रसिद्ध विश्व विख्यात रसाचार्य फतह कृष्ण शास्त्री और उनकी मंडली द्वारा कृष्ण रस की वर्षा की जाएगी। बैठक में निर्णय किया गया कि इस वर्ष परम्परागत लीलाओं के साथ ही कुछ नवीन लीलाओं मंचन भी कराया जाएगा। बैठक में आयोजन समिति की श्रीमती प्रेरणा रावत, विक्रांत खंपरिया, आरके रघुवंशी, प्रमोद शर्मा, अमित माहेश्वरी, संजय सेलट, वैशाली तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### विकासखंड स्तरीय परीक्षा 7 दिसंबर को

**नर्मदापुरम।** प्रदेश में ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### नगर पालिका के बिलों पर मिलेगी विशेष छूट

नर्मदापुरम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। यह लोक अदालत वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत होगी जो तहसील स्तर के न्यायालयों सहित सर्वोच्च न्यायालय तक संपूर्ण भारत में आयोजित की जावेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सचिव विजय कुमार पाठक द्वारा बताया गया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरण रखे जाएंगे।

# मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता के लिए ग्राम निमसाड़ियां में नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गर्भवती महिलाओं के लिए ग्राम निमसाड़ियां, ब्लॉक डोलरिया में बुधवार को एच. सी.एल फाउंडेशन द्वारा गर्भवती महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें नाटक कलाकार मधु मिश्रा, राजीव मिश्रा, राखी गौर, विनय कहार, गीता भाट, ऋचा शर्मा एवं निदेशन अभिषेक सैनी का रहा । साथ ही मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कलाकारों ने भी सहयोग दिया



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान मानसिक बदलावों, तनाव, चिंता तथा भावनात्मक स्वास्थ्य के महत्व को समुदाय तक सरल रूप में पहुँचाना था।

### एसटीआर में जारी है देश का सबसे बड़ा अखिल भारतीय बाघ आकलन

# वन्यजीव सर्वेक्षण : विशेषज्ञों और फ्रंटलाइन स्टाफ का साझा प्रयास, बाघों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

भारत , जो दुनिया की लगभग 75% जंगली बाघ आबादी का घर है, एक बार फिर अपने सबसे बड़े और सबसे विस्तृत वन्यजीव सर्वेक्षण—अखिल भारतीय बाघ आकलन अभ्यास को क्रियान्वित कर रहा है। यह चतुर्वार्षिक (चार साल में एक बार) अभ्यास, बाघों की संख्या पर नज़र रखने और उनकी दीर्घकालिक उत्तरजीविता सुनिश्चित करने के लिए वन्यजीव विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और फ्रंटलाइन स्टाफ को एक साथ लाता है।

मुख्य उद्देश्य और विधिः केवल गिनती से कहीं अधिक यह अभ्यास सिर्फ बाघों की गिनती नहीं है, बल्कि पूरे पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य का मूल्यांकन है। बाघों की संख्या का आकलनः वैज्ञानिक प्रोटोकॉल का उपयोग करके देश के सभी संभावित बाघ आवासों में बाघों की संख्या का विश्वसनीय अनुमान लगाना।



### सह-शिकारियों का मूल्यांकन

बाघों के मुख्य शिकार जैसे सांभर, चीतल, गौर और अन्य मांसाहारी जीवों जैसे तेंदुआ, जंगली कुत्ते की आबादी का भी आकलन किया जाता है। आवास का स्वास्थ्यः वनस्पति, मानव हस्तक्षेप जैसे चराई, अतिक्रमण, और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव सहित जंगल के समग्र स्वास्थ्य का मूल्यांकन करना।

### अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग

सर्वेक्षण को सटीकता और कुशलता के लिए आधुनिक तकनीकों के साथ एकीकृत किया गया है। कैमरा ट्रैपिंग बाघों की व्यक्तिगत पहचान के लिए इंफ्रा-रेड-सक्षम कैमरा ट्रैप लगाए जाते हैं। बाघों के शरीर पर मौजूद विशिष्ट पट्टियाँ उनके फिंगरप्रिंट की तरह काम करती हैं, जिससे उन्हें व्यक्तिगत रूप से पहचाना जा सकता है। वनकर्मी क्षेत्र में वन्यजीवों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संकेतों पगमार्क, मल, खरोंच के निशान को रिकॉर्ड करने के लिए इस मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करते हैं, जिससे वास्तविक समय में डेटा रिपोर्टिंग सुनिश्चित होती है।

### लाइन ट्रांसैक्ट और साइन सर्वे

वनकर्मी जंगल में तय रास्तों पर चलते हैं और शिकार तथा बाघों के संकेतों को दर्ज करते हैं। यह अभ्यास प्रोजेक्ट टाइगर के तहत भारत के सफल संरक्षण प्रयासों को दर्शाता है, जिसे 2023 में 50 वर्ष पूरे हुए हैं।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय प्रथम जिला स्तरीय डाक टिकिट प्रदर्शनी 17 दिसंबर से

**बैतूल।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में विरासत के रंग, डाक के संग थीम पर प्रथम जिला स्तरीय डाक टिकिट प्रदर्शनी छिन्दपेक्स-2025 का आयोजन 17 दिसंबर से 18 दिसंबर तक किया जाएगा। भारतीय डाक विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित डाक टिकिट प्रदर्शनी में जिले अंतर्गत एवं समीपवर्ती जिलों के डाक टिकिट संग्रहकर्ता जिनमें स्कूल, कॉलेज के छात्र, युवा तथा नागरिक एवं फिलाटेलिस्ट को उनके द्वारा संग्रह किए हुए डाक टिकिटों को डाक टिकिट प्रदर्शनी में प्रदर्शित करने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होगा। जिला स्तरीय डाक टिकिट प्रदर्शनी के दौरान छिंदवाड़ा जिले के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल पातालकोट-तामिया पर एक विशेष आवरण का विमोचन किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों के लिए स्टैम्प डिजाइन और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की डाक टिकिट प्रदर्शनी स्थल पर शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। जिससे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को डाक टिकिटों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी मिलेगी।

### बैकलॉग पदों को भरने की प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण की जाए

**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को दृष्टिबाधित दिव्यांगों की समस्या का 33 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस संबंध में संघ के उपाध्यक्ष सुरेश बाथरी ने बताया कि दृष्टिबाधित कर्मचारियों एवं शिक्षकों को ई-अटेंडेंस सुगम बनाए जाने तक इससे छूट दी जाए। दृष्टिबाधित और दिव्यांगों के आरक्षण के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष भर्ती अभियान में अनियमितताओं को दूर कर संपूर्ण बैकलॉग पदों को भरने की प्रक्रिया पूर्ण की जाए साथ ही ब्रेल में पाठ्य पुस्तक निशुल्क उपलब्ध कराई जाए। युवा प्रकोष्ठ के सचिव डॉ.दिलीप बारपेटे ने बताया कि दिव्यांग के बैकलॉग पदों को वाक इन इंटरव्यू के माध्यम से भरने के लिए जिन विभागों में विज्ञापन एवं अंतिम चयन सूचि जारी हो गई उनकी नियुक्ति तत्काल की जाए एवं परिवहन विभाग द्वारा बसों में 50 प्रतिशत की छूट दी जाए। संघ के मनीष मानकर ने बताया कि दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन 6 सौ रुपए दी जा रही है जो वर्तमान में बहुत कम है उसे 3 हजार रुपए किए जाए। दिव्यांग महिलाओं को लाड़ली बहना योजना से जोड़ा जाए। दिव्यांगजनों को पदोन्नति में आरक्षण को सुनिश्चित किया जाए।

### बैतूल जिले ने शत प्रतिशत डिजिटलाइज्ड का कार्य पूर्ण कर मप्र में पाया द्वितीय स्थान

# एसआईआर: 100 फीसदी डिजिटलाइजेशन पूर्ण, 94.44 प्रतिशत मैपिंग का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य 4 नवंबर से शुरू हुआ। गणना पत्रक मिलने के बाद 10 नवंबर से बीएलओ ने घर-घर जाकर सर्वे कार्य किया। हालांकि कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के सतत निगरानी व टीम वर्क की मेहनत से निर्धारित समय सीमा के पहले ही जिले ने एसआईआर के डिजिटलाइज्ड लक्ष्य पूरा कर लिया है। 4 दिसंबर तक यह कार्य पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन इससे पहले ही जिले ने डिजिटलाइज्ड का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एसआईआर के कार्य में सभी ने कठिन चुनौती को सरलता से पूरा कर अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिसके लिए कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हुआ है। उन्होंने कहा कि इस श्रेष्ठ उपलब्धि के पीछे बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ, शिक्षक, पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, कोटवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### जिले में 11 लाख 88 हजार मतदाताओं की मैपिंग ......

बताया जा रहा है कि जिले के 12 लाख 58 हजार 295 मतदाताओं में से 11 लाख 88 हजार 296 मतदाताओं में (94.44 प्रतिशत) मैपिंग का कार्य अब तक पूर्ण कर लिया गया है। मैपिंग से शेष मतदाताओं को भी जानकारी प्राप्त कर लगातार मैपिंग की जा रही हैं। साथ ही मृत, अनुपस्थित और स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का पुनः परीक्षण भी कराया जा रहा हैं। बता दे कि आदिवासी बाहुल्य जिले में पहाड़ी अंचल होने के बावजूद जिले के बीएलओ व सहयोगी दल लक्ष्य पूरा करने लिए दिन रात एक कर दिया। जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य तय समय से पहले पूरा हो पाया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का जिले में गंभीरता से पालन किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बैतूल जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

#### 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में संशोधन करते हुए सभी चरणों की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। आयोग द्वारा जारी नवीन एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार घर-घर गणना पत्रक एवं सत्यापन का कार्य अब 11 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएँगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार दावे और आपत्तियों पर सुनवाई, सत्यापन, प्रपत्रों की जांच तथा निर्णय प्रक्रिया निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारियों द्वारा 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक निरंतर रूप से की जाएगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार जांच और अंतिम प्रकाशन की अनुमति के लिए आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्ताव की समय-सीमा 10 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

### 2003 की मतदाता सूची नहीं मिलने से हो रही समस्या

## नागपुर अमरावती ने एसआईआर में बीएलओ का बढ़ाया सरदर्द

### महाराष्ट्र से आई कई बहुओं के गणना प्रपत्र अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

पूरे प्रदेश में विशेष मतदाता सूची परीक्षण के अभियान में अपना अग्रणी स्थान बना चुकी आमला विधानसभा और अभियान में लगी निर्वाचन की पूरी टीम ने जो उदाहरण पेश किया है, उसको सराहना मिलनी भी चाहिए। इस अभियान के लिए निर्वाचन द्वारा दिए गए महज एक माह के दस दिन पूर्व ही सौ फ़ीसदी कार्य को अंजाम देने वाली आमला निर्वाचन टीम और उनके कप्तान एसडीम शैलेंद्र बडोनिया पूरे देश के लिए एक नजीर पेश कर चुके हैं। किंतु इसके बावजूद भी महाराष्ट्र निर्वाचन की साइट नहीं खुलने से दर्जनों मामलों पर पेंच फंस गया है। दरअसल महाराष्ट्र से सटी सीमा होने के चलते आमला विधानसभा इलाके में यहां महाराष्ट्र इलाके से आई दर्जनों बहुओं के 2003 की मतदाता सूची की जानकारी नहीं मिल पाने से समस्या हो रही है, हालांकि निर्वाचन शाखा आमला में दर्जनों कर्मचारी अभी भी नई मतदाता सूची के लिए कई कई घंटे तक काम कर रहे है। बताया जा रहा है कि निर्वाचन आमला मतदाता विशेष पुनरीक्षण का कार्य पूरी तरह निर्विघ्न संपन्न हो चुका है। शहर और आसपास के इलाके में भारत के विभिन्न प्रांतो से मतदाताओं की 2003 की सूची भी निर्वाचन की विभिन्न साइटों के माध्यम से मिल चुकी है, किंतु अमरावती के मोर्शी और नागपुर के कुछ इलाकों की साइट नहीं खुल पाने से समस्या बन रही है। सिर्फ शहर में ही महाराष्ट्र के अमरावती और नागपुर के इलाकों की लगभग चार दर्जन बहुएं अभी जानकारी नहीं दे पाई है, हालांकि यहां भी आमला निर्वाचन में कर्मचारी लगातार प्रयास कर रहे हैं किंतु यहां एक सवाल भी है कि जब मध्य प्रदेश एसआईआर कर रहा है तो राज्य से सटे महाराष्ट्र निर्वाचन द्वारा समय से अपनी मतदाता साइट का सुधार क्यों नहीं किया गया।

#### पचास फ़ीसदी शिक्षक लौटे स्कूल

बीते लगभग एक माह से एसआईआर में लगे 50 फ़ीसदी शिक्षक अपने स्कूल वापस लौट आए हैं, पिछले कुछ दिनों से स्कूलों में शिक्षक नहीं होने से यहां छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में दिक्कतें हो रही थी,किंतु अब शिक्षकों के वापस स्कूल में लौटने से एक बार फिर पढ़ाई का दौर शुरू हो जाएगा।

#### जल्द होगा निराकरण

नागपुर अमरावती के कुछ इलाकों से दिक्कत आई हैं, किंतु जल्द ही समस्या का निराकरण हो जाएगा। किसी भी मतदाता को बेवजह परेशान होने की जरूरत नहीं है। हमारे कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं, अभी दावे आपत्ति के माध्यम से भी बड़ा सुधार होना है।

- दिलीप सोनपुरे, प्रभारी निर्वाचन शाखा आमला

### दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त पोलरमैन डॉ. खातरकर की पुण्यतिथि मनाई




**बैतूल।** शासकीय कॉलेज आठनेर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ रहे बैतूल जिले के धाबला मुलताई निवासी दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त पोलरमैन डॉ. प्रकाश खातरकर की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिजनों ने 3 दिसंबर बुधवार को सुबह जिला चिकित्सालय बैतूल में अंकुरित आहार परिवार के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों को अंकुरित आहार वितरण किया। गौरतलब है कि डॉ. प्रकाश खातरकर शासकीय कॉलेज आठनेर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ से लेकिन वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। जिसकी अनुपम कृतित्व और व्यक्तित्व के चलते भारत सरकार द्वारा भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाने वाला सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से उन्हें सम्मानित किया गया है। साथ ही उन्हें पोलरमेन की उपाधि भी भारत सरकार द्वारा दी गई है। स्व. डॉक्टर खातरकर के परिजनों के अनुसार डॉ. प्रकाश खातरकर द्वारा 18 माह में एक विशेष डॉक्युमेंट्री बनाई थी, जिसको भारत सरकार ने पुरस्कृत किया। कुछ इसी तरह के सरकार के लिए डॉक्टर खातरकर को उन्हें उनके विशिष्ट योगदान दिए जाने पर पोलरमैन की उपाधि भी दी गई थी।

### 34 किसानों की गेहूं बुवाई पर संकट

## बडगी बुजुर्ग में ट्रांसफार्मर एक माह से खराब

**बैतूल।** एम पी विद्युत वितरण कंपनी चिचोली तथा बैतूल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाला ग्राम बडगी बुजुर्ग (गोंडी) पिछले लगभग एक माह से बिजली संकट से जूझ रहा है। मदन इवने की बाड़ी में लगा ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विद्युत सप्लाई पूरी तरह बंद है। ग्रामीणों ने कई बार जेई और लाइनमैन को जानकारी दी, लेकिन ट्रांसफार्मर बदलने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं की गई है। इस डीपी से लगभग 34 किसानों की फसलों को बिजली आपूर्ति होती है। ट्रांसफार्मर बंद होने से किसान गेहूं की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने स्वयं 2100 रुपए चंदा करके लाइनमैन मनोज चढ़ोकार को दे भी दिए, पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। विभागीय कार्यालय से केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं, जबकि खेतों में समय पर सिंचाई न होने से किसानों की बुवाई खतरे में पड़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर



नहीं बदला गया तो उन्हें गेहूं की बुवाई से वंचित रहना पड़ेगा, जिससे भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल ने कुछ समय पहले ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि किसानों से जुड़े ट्रांसफार्मर जैसे मामलों का त्वरित समाधान किया जाए ताकि किसी भी किसान को परेशानी न हो। फिर भी किसानों की समस्या बनी हुई है। किसान दशरथ शेषकर, शंकर, भैयालाल, शिवपाल धुर्वे, परमू, बसंत, भारत, रामकरण, धीरज यादव, दीना यादव, सतपाल, मनीराम सहित सभी 34 किसान बिजली न मिलने से बेहद परेशान हैं।

### रातामाटी में तीन टीमें तैनात, ग्रामीणों को खेतों में न जाने की सलाह

## गन्ने के खेत में टाइगर के पगमार्क मिले, सर्चिंग शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

चिचोली रेंज के रातामाटी खुर्द गांव के गन्ना खेतों में टाइगर की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग ने तत्काल सर्चिंग शुरू कर दी है। पश्चिम वन मंडल के डीएफओ के निर्देश पर तीन टीमें गठित कर तलाशी अभियान चला रही हैं। ग्रामीणों ने तीन दिन पहले रविवार रात टाइगर की हलचल देखी थी, जिसकी जानकारी चिचोली रेंज कार्यालय और डीएफओ को दी गई। मौके पर पहुंची टीम को किसान राजेश यादव के गन्ना खेत में टाइगर के स्पष्ट पगमार्क मिले हैं। इसके बाद सोमवार और मंगलवार को भी संभावित क्षेत्रों में सर्चिंग जारी रही। वन विभाग ने रातामाटी खुर्द और आसपास के गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को रात में खेतों में न जाने की सलाह दी है। हालांकि, रात में सिंचाई के लिए खेतों में जाना किसानों की मजबूरी है, जिससे उनमें सतर्कता बनी हुई है। राजेश यादव ने बताया कि उनके गन्ने के खेत में अभी भी टाइगर मौजूद है। जानकारों के अनुसार, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र से हर साल नवंबर-दिसंबर में टाइगर का मूवमेंट देखा जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि टाइगर ने किसी जानवर का शिकार किया होता, तो वह लंबे समय तक उसी क्षेत्र में रहता, अन्यथा वह आगे बढ़ जाता है। अभी तक किसी शिकार की सूचना नहीं मिली है।

#### वन विभाग की टीमें कर रही हैं सर्चिंग

डीएफओ एलके वासनिक ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर तीन टीमों को चौबीसों घंटे निगरानी के लिए लगाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं, तो सुबह अन्य टीमों से भी सर्चिंग करवाई जाएगी। टाइगर आमतौर पर 24 घंटे एक ही स्थान पर नहीं रहता। फिलहाल रातामाटी खुर्द और आसपास के गांवों में टाइगर की मौजूदगी से ग्रामीण सतर्क हैं और वन विभाग की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही हैं। चिचोली रेंजर शैलेन्द्र चौरसिया ने बताया कि वन्य प्राणी के पगमार्क देखने से लग रहा है कि टाइगर है। स्टाफ की ड्यूटी लगा दी है। जिस रूट से जाने की संभावना है। वहां निगरानी कर रहे है। ट्रैप कैमरे में फिलहाल नजर नहीं आया है। सम्भव है वह आगे बढ़ गया होगा। फिर भी निगरानी की जा रही है।

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बैतूल।** जिला मुख्यालय बैतूल एवं सिविल न्यायालय आमला, भैंसदेही तथा मुलताई में 13 दिसंबर 25 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा बुधवार को 07 प्रचार वाहनों को जिला न्यायालय परिसर बैतूल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विद्युत विभाग, नगर पालिका के प्रचार वाहन बैतूल शहर के लगभग सभी वार्डों एवं मुख्य सडक़ों व शहर की गलियों में नेशनल लोक अदालत के आयोजन एवं इसके लाभ के बारे में लोक अदालत जिंगल द्वारा प्रचार-प्रसार करेगें। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश सचिन कुमार घोष, कैलाश नारायण अहिरवार, डॉ. कु. महजबीन खान, ज्ञानेश्वरी कुमरे तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संगीता भारती राठौर आदि रहे मौजूद।



## चिचोली में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**बैतूल।** तहसील मुख्यालय चिचोली में किसानों की बिजली समस्या, खाद की कालाबाजारी, समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी की गड़बडिय़ों तथा बिजली विभाग द्वारा किसानों से की जा रही अवैध वसूली के विरोध में किसान कांग्रेस ने बड़ा प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश गोचरे के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। जगदीश गोचरे ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान सात दिवस के भीतर नहीं किया गया, तो किसान कांग्रेस जिले में उग्र आंदोलन और चक्का जाम करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि किसान लगातार परेशान हैं, लेकिन विभाग समस्या सुलझाने की बजाय मनमानी पर उतारू है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व आपूर्ति निगम राज्य मंत्री राजेंद्र जायसवाल, कांग्रेस प्रदेश सेवादल महासचिव मनोज आर्य, प्रदेश किसान नेता अक्कू पटेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र आर्य, भीमपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चुन्नीलाल यादव आदि रहे मौजूद।

### 6 दिसंबर को आयोजित होगा श्रम सम्मेलन

**सारनी।** नगरपालिका परिषद सारणी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरीय निकायों के प्रदेश प्रभारी हरिओम कुशवाह, नगरपालिका मज़दूर संघ के जिला अध्यक्ष केके भावसार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 6 दिसंबर को भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री पंजाब गायकवाड़ के निर्देशन में कुलदीप गुर्जर प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ की अध्यक्षता में आयोजित श्रम सम्मेलन में शामिल होगे। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में बैतूल पहुंचकर संशोधित श्रम कानून के बारे में जानकारी प्राप्त करे। अपने अधिकार को जाने और



नए श्रम कानून के मुताबिक श्रमिकों के हित में काम करे। बैठक में नगरपालिका मज़दूर संघ से गुणवन्त हुरमाडे, संदीप डोंगरे, मिथुन नकवाल, राजकुमार गवांडे ठेका मजदूर संघ, आंगनवाड़ी संघ के पदाधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री भावसार ने बताया कि श्रम सम्मेलन में जिले की सभी 8 नगरपालिका, नगर परिषद के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे एवं कर्मचारियों की विभिन्न मांगों से अवगत करवाकर प्रदेश महामंत्री को ज्ञापन देंगे।

### जिले की मेंढ़ा एवं गढ़ा मध्यम परियोजनाओं को जून-2026 तक पूर्ण करने के निर्देश

## घोघरी मध्यम परियोजना की टेस्टिंग और ट्रायल 30 दिसंबर तक पूर्ण की जाए: जल संसाधन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट की अध्यक्षता में जल परियोजनाओं की प्रगति को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक घोड़ाडोंगरी गंगाबाई उईके तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक श्री खंडेलवाल की पहल पर बैतूल जिले की सिंचाई परियोजनाओं को गति देने के लिए यह विशेष समीक्षा बैठक



आयोजित की गई। बैतूल जिले की प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने घोघरी मध्यम परियोजना की टेस्टिंग और ट्रायल 30 दिसंबर 2025 से पहले हर हाल में पूर्ण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पारसडोह परियोजना की सिंचाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करें एवं निर्गुड प्रोजेक्ट को शीघ्र पूर्ण करें। इसके अलावा उन्होंने मेंढ़ा मध्यम परियोजना का कार्य जून 2026 तक पूर्ण करने तथा अतिरिक्त 4500 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता बढ़ाने के संबंध में आवश्यक प्रस्ताव एवं कार्यवाही शीघ्र तैयार करने के लिए जल संसाधन विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं गढ़ा मध्यम परियोजना को भी जून 2026 से पहले पूर्ण करने के लिए विभाग को तेजी से काम बढ़ाने को कहा गया। उन्होंने कहा कि जिले में चल रही हर जल परियोजना किसानों और ग्रामीणों के हित से जुड़ी है, इसलिए काम की रफ्तार तेज की जाए और निर्धारित समयसीमाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

#### शीतलझिरी परियोजना के लिए मिलेगा विशेष पैकेज

बैठक के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने जिला जनजातीय बहुल क्षेत्र होने के कारण शीतलझिरी मध्यम परियोजना के लिए विशेष पैकेज पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की स्वीकृति के लिए आवश्यक प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके। मंत्री श्री सिलावट ने शेष विधानसभा वार विधायकों की मांग पर नवीन योजनाएं बनाने के भी निर्देश दिए। मंत्री श्री सिलावट ने बैतूल जिले के हर विधानसभा क्षेत्र से 5-5 नई जल योजनाएं ( बैराज, जलाशय) चिन्हित कर इन योजनाओं की साध्यता और स्वीकृति की कार्रवाई जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचे और किसानों को सिंचाई में किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए, इसके लिए जिले के विभिन्न जलाशयों की नहरों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण के लिए आर आर आर योजना के तहत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### विश्व विकलांग दिवस पर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



शाहपुर। विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता बीआरसी कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। जिसमें विकासखण्ड की शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न विधाओं में भाग लेकर अपने सामथ्र्य का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सम्मिलित समस्त प्रतिभागियों एवं उनके पालकों और शिक्षकों को भोजन कराया गया। विभिन्न विधाओं में चयनित बच्चों को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शाहपुर जीआर बर्डे, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक आरएल भादे द्वारा पुरूस्कार वितरण किया गया। मोबाइल स्त्रोत समन्वयक अजय लाल द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की रूपरेखा बतायी गयी।

## मध्यस्थता जागरुकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के आदेशानुसार व प्रभारी अधिकारी संगीता डाबर मौर्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर के मार्गदर्शन में मध्यस्थ जागरूकता शिविर किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को सोहागपुर अधिवक्ता संघ के सभा कक्ष में शिविर आयोजित किया गया। उक्त मध्यस्थ जागरूकता शिविर कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट संगीता डाबर मौर्य, न्यायाधीश, तेजदीप सिंह साशन, अधिवक्ता संघ सभी पदाधिकारी, अधिवक्तागण, पक्षकार, न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इससे पहले मंगलवार को सोहागपुर की समस्त बैंकों के अधिकारी लोक अदालत की प्री सिटिंग में शामिल हुए। जिसमें बैंक से संबंधित सभी प्रकरणों, क्लेम प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, प्रीलिटीगेशन प्रकरणों एवं अन्य प्रकृति के प्रकरणों के निराकरण नेशनल लोक अदालत में किए जाने हेतु चर्चा की गई।

### सांसद चौधरी ने कहा केंद्रीय बजट में नर्मदा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता

# जलसंकट से निपटने तिलक सिंदूर के ग्रामीणों ने नदी पर बनाया बोरी बंधान

ग्रामीणों ने जल संकट से निपटने और सिंचाई की समस्या को खत्म करने के लिए एक शानदार पहल की है, ग्रामीणों ने एकजुट होकर जंगल के पास बहती पहाड़ी नदी पर श्रमदान करके एक प्रभावी बोरी बंधान, रेत की बोरियों से बनाया अस्थायी बांध तैयार किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

केसला ब्लॉक के जंगल में बसे तिलकसिंदूर में ग्रामीणों ने जल संकट से निपटने और सिंचाई की समस्या को खत्म करने के लिए एक शानदार पहल की है। नव क्रांति जन कल्याण समिति पतलईकला के नेतृत्व में, ग्रामीणों ने एकजुट होकर जंगल के पास बहती पहाड़ी नदी पर श्रमदान करके एक प्रभावी बोरी बंधान, रेत की बोरियों से बना अस्थायी बांध तैयार किया है।

करीब 40-50 रेत से भरी बोरियों का उपयोग करके बनाए गए इस बंधान से नदी का पानी रोका जा सकेगा, जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा और गांव में सिंचाई की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकेगी। जल संरक्षण का स्थायी समाधान इस सामूहिक पहल के दौरान जन अभियान परिषद केसला के ब्लॉक समन्वयक विवेक मालवीय उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा, ऐसी सामूहिक पहलें जल संरक्षण के स्थायी समाधान प्रस्तुत करती हैं और ग्रामों के जल स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### पुरानी पद्धति की ओर लौटना समय की मांग

परामर्शदाता राजेश मालवीय ने जल संचयन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राचीन समय में कुओं, बावड़ी, तालाब आदि सहज, सरल और टिकाऊ संचयन पद्धतियां थीं, जो अब विलुप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा, समय की मांग है कि हमें फिर से पुरानी पद्धति की ओर लौटना होगा। मौजूदा स्थितियों में, यहां जल संचयन के लिए बोरी बंधान करना जरूरी हो गया था। सामुदायिक जागरूकता का प्रतीक नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राकेश भट्ट ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन करते हुए जोर दिया कि बोरी बंधान केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सामुदायिक जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही आगे चलकर बड़े जल-संकट को टालने में मदद करते हैं।

### सहयोग और एकजुटता

इस सफल अभियान में मुख्य आयोजक संस्थाओं के साथ सहयोगी संस्था के रूप में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तीखड़ ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। समिति के अध्यक्ष विक्रम चौधरी तथा सदस्य हर्ष पटैल, सतेन्द्र सिंह कुशवाह और रोहित बकोरिया ने सक्रिय रूप से श्रमदान किया और ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, गांव की एकजुटता ही ऐसे अभियानों की सफलता का आधार होती है। तिलक सिंदूर के इस प्रयास से अन्य ग्रामीण क्षेत्रों को भी जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रेरणा मिलेगी।

# बिजली काटी, विरोध में पीड़ित एसडीएम कार्यालय पहुंचे

### स्मार्ट मीटर के लिए दबाव बनाने का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के लिए तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाने और घरों की अनावश्यक रूप से बिजली काटने के विरोध में इटारसी के वार्ड 8 के निवासियों ने आज एसडीएम कार्यालय जाकर एसडीएम से शिकायत की। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों ने एसडीएम से मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई।

### 25-30 घरों की काटी गई बिजली

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वार्ड के निवासियों पर लगातार स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बनाया जा रहा है। इसी दबाव के चलते, कल कंपनी द्वारा क्षेत्र के लगभग 25 से 30 घरों की बिजली काट दी गई, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### यह तानाशाही है, उग्र आंदोलन की चेतावनी

नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आम लोगों के साथ जो यह रवैया अपनाया जा रहा है, वह कतई स्वीकार्य नहीं है। स्मार्ट मीटर नहीं लगाने के चलते बिजली काट देना पूर्णतः तानाशाही की श्रेणी में आता है। श्री जायसवाल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द सभी घरों की कटी हुई बिजली बहाल नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी लोगों को साथ लेकर बिजली विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी। एसडीएम इटारसी ने पीड़ित परिवारों की बात सुनने के बाद तत्काल बिजली अधिकारियों से चर्चा की और आज ही सभी घरों की बिजली जोडने के निर्देश दिए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के गोल्डी बैस एनएसयूआई प्रदेश महासचिव, प्रतीक मालवीय युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, गौरव चौधरी, सौम्य दुबे विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष, अर्चित नामदेव आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण अंचलों में बेटियों की सुरक्षा को लेकर बुजुर्गों ने प्रशासन से की गुहार, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरी कला एव ग्राम पंचायत पनारी के खापा का मामला सामने आया है। स्टेशन रोड थाने से प्रप्त जानकारी के अनुसार खैरी कला की निवासी रघुवंशी समाज कि बिटिया को खापा के निवासी समाज के ही यूवक के द्वारा लगातार लंबे समय से परेशान किया जा रहा है। पढ़ाई करने के लिए बिटिया पिपरिया में अपने माता-पिता के साथ ही रहती है। लेकिन अभी वर्तमान में स्टेशन रोड थाने में बिटिया के दारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बताया कि धारा 151के अंतर्गत तहसीलदार न्यायालय में पेश किया गया। जहां से एक दिन के लिए सब जेल भेज दिया गया।इसी न्यायालय से एक दिन बाद जमानत याचिका स्वीकार करते हुए जमानतप्रधान कर दी।

जमानत पर रिहा हुआ तो शिकायत दर्ज के बाद फिर से बिटिया के साथ माता-पिता को इमोशनल रूप से सामाजिक स्तर पर दबाव बनाया जा रहा है।इस बात की जानकारी खैरी कला में पहुंच में ही सभी बुजुर्ग एवं सभी शामिल हुए लोगो ने स्टेशन रोड थाना प्भारी एवं पुलिस एसडीओ पी को ज्ञापन सौंपा है। तथा आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग कीहै। जिनमें मुख्य रूप से सरपंच मुकेश रघुवंशी, भाजपा ग्रामीण मंडल के जिला पदाधिकारी पुरुषोत्तम रघुवंशी राजेश कुमार, चन्दन सिंह माधो सिंह हीरालाल रघुवंशी सहित तमाम सैकड़ों लोगों ने कार्रवाई करने की मांग कीहै।

एसडीओ पी मोहित यादव ने बताया कि एफआईआर दर्ज कराई गई है। लेकिन अभी फिर आवेदन दिया गया है।जिसकी जांच कराई जाएगी तथा बेटियों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# कॉलोनाइजर के खिलाफ लोगों ने कार्रवाई करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्रामपंचायत बीजनवाडा में पचमढ़ी विहार कालोनी में रहने वाले सैकड़ों लोगों ने स्टेशन रोड थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें लगभग एक दर्जन लोगों ने बताया कि अजय नागवंशी अध्यक्ष मेहरबान सिंह सचिव सुजीत उईके कोषाध्यक्ष ओमकार कोरी राजेश कलम शैलेन्द्र थावरिया आयुष राकेश अनिल सिंह आदि ने बताया कि यहां पर राजस्थान, उत्तर प्रदेश, विहार बांग्लादेश आदि से आकर लोग किरायेदार रहते हैं। जिनके पास कोई किरायेदार का अनुबंध नहीं है। किराए दार के पास कोई दस्तावेज नहीं है। इसलिए कालोनी के लोगों ने थाने को अवगत कराया गया है।तथा कालोनाइजर के खिलाफ भी मोर्चा खोला गया है। जिसमें बताया गया है कि मूलभूत सुविधाओं से बंचित किया गया है। बांउड्री बाल नाली सड़क कुछ नहीं पाया गया है इसलिए कालोनाइजर पर भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# सीएम राइज स्कूल मार्ग पर अतिक्रमण और सड़क अवरोध पर वैधानिक कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सांदीपनी स्कूल के मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण और सड़क अवरोध की घटनाओं पर विधायक प्रतिनिधि दीपक अठोत्रा ने कड़ा रुख अपनाया है। आज किए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मार्ग पर बाधा पाए जाने के बाद उन्होंने तत्काल नगर पालिका और प्रशासन से इस पर कड़ाई से रोक लगाने और वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निवेदन किया है।

### निरीक्षण में सामने आया सड़क अवरोध

विधायक प्रतिनिधि दीपक अठोत्रा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ब्रिज के किनारे और स्कूल जाने वाले मुख्य मार्ग पर टेंट लगाकर सड़क को अवरुद्ध किया जा रहा था। यह मार्ग विद्यालय की सात बसों के



दैनिक आवागमन का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप कर मार्ग को सुचारु करवाया।

### स्टाफ को धमकी, अवैध कब्जे की शिकायत

स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, ब्रिज के नीचे और स्कूल के सामने कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जब विद्यालय स्टाफ ने मार्ग साफ रखने का निवेदन किया, तो इन व्यक्तियों द्वारा धमकी भरा व्यवहार किया। श्री अठोत्रा ने इस घटना को अत्यंत निंदनीय बताया है।

### प्रशासन से सख्त कार्रवाई का अनुरोध

श्री अठोत्रा ने नगर पालिका एवं प्रशासन से सड़क मार्ग अवरुद्ध करने जैसी गतिविधियों पर कड़ाई से रोक लगाने का निवेदन किया है। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि इस प्रकार की बाधा और धमकी की स्थिति में पुलिस प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीएमओ से भी अनुरोध किया है कि कल अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण कर तत्काल वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे विद्यालय के विद्यार्थियों, स्टाफ एवं नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। विधायक प्रतिनिधि दीपक अठोत्रा ने आम जनता से भी अनुरोध किया है।

## संयुक्त संचालक ने संदीपनी विद्यालय का किया निरीक्षण



**माखन नगर।** बुधवार को संयुक्त संचालक मनीष वर्मा ने शासकीय संदीपनी विद्यालय का दौरा कर निरीक्षण किया सुबह 10बजे संभागीय कार्डिनेटर सुदीप गौर के साथ विद्यालय पहुंचे वर्मा ने लगभग डेढ़ घंटे विद्यालय में रहकर शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन, उपस्थित ,एवं छात्रों की पढ़ाई स्थिति जानी। नियमित रूप से की जाने वाली प्रार्थना में शामिल हुए। बच्चों से संवाद कर उन्होंने कहा परीक्षा जीवन का अनिवार्य हिस्सा है इसमें नकल ना करें नकल करना नियम का उल्लंघन तो है ही साथ ही स्वयं के बौद्धिक विकास को धोखा देना है नियमित अध्ययन करने एवं कक्षाओं में ध्यान देने से कोई भी परीक्षा आसानी से उत्तीर्ण की जा सकती है। बच्चों से संवाद के उपरांत शिक्षकों के साथ बैठक की उन्होंने कहा शिक्षकों की पहली जिम्मेदारी समय से स्कूल पहुंचने की है यदि शिक्षक ही समय पर स्कूल नहीं जाते है तब निश्चित ही बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। वर्मा ने बैठक में शिक्षकों से कहा कक्षा संचालन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी संयुक्त संचालक के सघन निरीक्षण से बच्चों एवं शिक्षकों मैं अपनी अपनी जिम्मेदारी मैं पारदर्शिता अनुशासन एवं ईमानदारी का संदेश गया है।

# जनसुनवाई में 11 आवेदन, सीएम हेल्पलाइन शिकायत जबरन बंद का आरोप

### सीईओ ने ठग्गू के लड्डू की टैगलाइन का दिया स्पष्टीकरण, बताया गलतफ़हमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



जनपद सभागार में मंगलवार सुबह 11 बजे जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें सिवनी मालवा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कुल 11 शिकायतें तहसीलदार नितिन झोड़ को सौंपी। प्राप्त आवेदनों में राजस्व विभाग के 7, जनपद के 2, नगर पालिका का 1 तथा पुलिस विभाग का 1 आवेदन शामिल रहा। तहसीलदार नितिन झोड़ ने सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम भांगिया के निवासी जितेन्द्र यदुवंशी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने दो मामलों की शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थीं, जिन्हें ग्राम पंचायत सचिव एवं उनके साथ आए व्यक्ति द्वारा जबरन बंद करवाया गया। उनका कहना है कि शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया और ओटीपी देने के लिए मजबूर किया गया।

जितेन्द्र के अनुसार वे मोबाइल लॉक कर घर में रखकर बाहर चले गए, लेकिन पंचायत सचिव और दूसरी व्यक्ति ने मोबाइल से सिम निकालकर अपने फोन में लगाई और ओटीपी लेकर शिकायत बंद कर दी। जितेन्द्र ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे जनपद कार्यालय पहुंचे तो संबंधित अधिकारी ने अभद्र व्यवहार किया और जनपद सीईओ श्रुति चौधरी ने “ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको हमने ठगा नहीं” जैसा अपमानजनक कथन कहा। दूसरी ओर जनपद सीईओ श्रुति चौधरी ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत बताया और कहा कि शिकायतकर्ता ने बात को गलत समझा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके भाई की शादी कानपुर में थी और वे कार्यालय स्टाफ को कानपुर की प्रसिद्ध ठग्गू के लड्डू मिठाई बांट रही थीं। इस मिठाई की टैगलाइन है—“ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको हमने ठगा नहीं।” यह टैगलाइन वे स्टाफ को बता रही थीं, तभी बाहर खड़े एक व्यक्ति ने आधा सुना और इसे अपने मन से गलत अर्थ में जोड़कर आरोप लगा दिया।

सीईओ ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में जो शिकायत दर्ज थी, वह शिकायतकर्ता के घर के सामने नाली की सफाई को लेकर थी। संबंधित स्थान की सफाई करवाई जा चुकी थी, जिसकी संतुष्टि स्वयं शिकायतकर्ता के पिता ने जताई थी। उन्होंने बताया कि संतुष्टि जताने के बाद संबंधित स्टाफ की उपस्थिति में शिकायतकर्ता के परिवार की सहमति से मोबाइल से ओटीपी लेकर शिकायत बंद की गई थी, इसमें किसी भी प्रकार की जबरदस्ती नहीं थी।

इसी जनसुनवाई में ग्राम नंदरवाड़ा के उपसरपंच ताहिर शाह ने भी आवेदन सौंपकर प्रधानमंत्री सड़क पर अवैध स्पीड ब्रेकर, सड़कों पर फैली निर्माण सामग्री और वाहनों के खड़े होने से उत्पन्न अतिक्रमण की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने आवागमन बाधित होने की शिकायत करते हुए इन अतिक्रमणों को हटाने की मांग की।

## एड्स जागरुकता विषय पर किया पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन

**सोहागपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में विश्व एड्स दिवस सप्ताहांतर्गत विविध आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किये जा रहे हैं। इस दौरान बुधवार को रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा एड्स जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, एमबीए डायरेक्टर डॉ, राजेश विश्वकर्मा, दौलतराम कुशवाहा, विनय कुमार गिल्ला, विवेक दुबे, पूजा पटेल, ऊषा शर्मा, आरती ठाकुर सहित रासेयो कार्यक्रम अधिकारीद्वय आसिया खान एवं जीएस ठाकुर की उपस्थिति में प्रतियोगिता की गई। प्रतियोगिता में कॉलेज के स्वयं सेवकों ने सक्रिय सहभागिता की।

### द पार्क ब्रिज पर मरम्मत कार्य शुरू

# प्रतिबंध पर भी नहीं रुक रहे भारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी-नर्मदापुरम रोड पर होटल द पार्क के पास बने बहुचर्चित रोड ओवर ब्रिज पर आखिरकार मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है।

इस ब्रिज के घटिया निर्माण के कारण रेलवे की लगातार आलोचना हो रही थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। यह ओवर ब्रिज पिछले करीब दो वर्षों से वाहन चालकों के लिए जोखिम का कारण बना हुआ था। घटिया निर्माण के चलते ब्रिज की सड़क पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई थीं। इन दरारों और खराब स्थिति के कारण दो वर्षों में कई लोग दुर्घटना का शिकार हुए और कई वाहन पलटने की घटनाएं हुईं।



लगातार हो रही दुर्घटनाओं और आलोचना के बावजूद, रेलवे अधिकारी मामले में लीपापोती कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे थे। इस गंभीर समस्या को राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया और लोकसभा सदस्य दर्शन सिंह चौधरी ने भी उठाया था। जनप्रतिनिधियों के दबाव और सार्वजनिक आलोचना के बाद रेलवे को मरम्मत का कार्य शुरू करना पड़ा। मरम्मत कार्य और यातायात प्रतिबंध मरम्मत कार्य के मद्देनजर अगले दो माह के लिए इस ब्रिज से भारी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

मरम्मत कार्य के पहले चरण के रूप में ब्रिज की ऊपरी परत हटाई जा रही है। इसके बाद मुख्य मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। इस दौरान, हल्के वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है जबकि भारी वाहनों के लिए डायवर्सन मार्ग तय किये हैं। हालांकि अभी भारी वाहनों पर कोई रोक नहीं है और ये वाहन लगातार निकल रहे हैं।

# विश्व दिव्यांग दिवस के आयोजन पर हितग्राहियों को बांटे उपकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सी बी एम इंडिया ऑर्गानाइजेशन केकार्यालय में विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया गया है। जिसमें दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण किये गए। जिसमें सीपी चेयर, व्हील चेयर, टीएलएम किट एवं वॉकर दिये गये। संस्था प्रमुख सुमंत सर ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज सीबीएम संस्था द्वारा जो उपकरण आपको दिये जा रहे हैं, उन उपकरण का निरंतर उपयोग करेंगे तो आप निश्चित ही इन उपकरणों के द्वारा आपके जीवन में नवाचार आयेगा। इस अवसर पर संतोष परसाई मंडल उपाध्यक्ष, पार्षद सुरेश यादव, नीतिराज सिंह यादव, पप्पू यादव, रागनी वर्मा, रुखसार बानो, सुनीता लांबा, अनिल डागर, नंदलाल वैष्णव। कार्यक्रम में सभी का आभार पप्पू यादव ने व्यक्त किया।

## कथाकार राधा कृष्ण महाराज 22 को इटारसी में सुनाएंगे 'नानी बाई रो मायरो'



**इटारसी।** नगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बनने जा रहा है। मालपानी परिवार द्वारा एक अभूतपूर्व धार्मिक आयोजन किया गया है, अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास गो वत्स राधा कृष्ण जी महाराज 'नानी बाई रो मायरो' पर प्रवचन देने के लिए तीन दिनों के लिए इटारसी आ रहे है। यह आयोजन मालपानी दाल मिल परिसर मे होगा। प्रवचन का समय सोमवार 22 दिसंबर और मंगलवार 23 दिसंबर को प्रवचन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

# ललिता पुरविया पश्चिम मध्य रेल की महत्वपूर्ण समिति में नियुक्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



स्थानीय स्तर पर सक्रिय समाजसेवी और प्रभावी जनप्रतिनिधित्व के लिए पहचानी जाने वालीं ललिता पुरविया को पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की प्रतिष्ठित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति पिपरिया नगर और आस-पास के क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, समिति का गठन दो वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। श्रीमती पुरविया का चयन इस समिति में स्पेशल इंटरेस्ट विशेष हित श्रेणी के तहत किया गया है।

समिति का मुख्य उद्देश्य रेल उपयोगकर्ताओं के हितों का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। यह समिति यात्रियों और रेल प्रशासन के बीच एक बेहतर संवाद स्थापित करने का कार्य करती है, जिससे यात्रियों की समस्याओं, सुझावों और मांगों को एक उचित मंच मिल सके। श्रीमती पुरविया अब समिति के माध्यम से क्षेत्रीय यात्रियों के लिए रणनीतिक और प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उप महाप्रबंधक (सामान्य) एवं सचिव, पश्चिम मध्य रेल, मनीष कुमार पटेल द्वारा श्रीमती पुरविया को उनकी नियुक्ति की औपचारिक सूचना दी गई है।

## खबर संक्षेप



### तहसील व जनपद में दी ई-ऑफिस की ट्रेनिंग

**हरदा।** जिले में शासकीय कार्यों को डिजिटल बनाने और ई-गवर्नेंस को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रविंदर यादव ने बुधवार को जिला पंचायत के ई-दक्षता केन्द्र में हरदा के तहसील और अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली से संबंधित समस्याओं के समाधान और विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना है।

### आपकी पूंजी, आपका अधिकार शिविर कल

**हरदा।** भारतीय रिजर्व बैंक के आपकी पूंजी आपका अधिकार राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 5 दिसम्बर शुक्रवार को हरदा जिले की सभी बैंक शाखाओं द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में दोपहर 4 बजे से आयोजित होगा, शिविर में सभी हितग्राहियों को आमंत्रित किया गया है। आरबीआई के अनुसार जिन खातों में दो वर्ष से अधिक समय से लेन-देन नहीं हुआ है, वे निष्क्रिय माने जाते हैं, जबकि 10 वर्ष से अधिक समय तक दावा नहीं की गई राशि डीईए फंड में ट्रांसफर कर दी जाती है। ग्राहक या उनके कानूनी वारिस किसी भी बैंक शाखा में केवाईसी दस्तावेज के साथ फार्म जमा कर सत्यापन के बाद अपनी जमा राशि ब्याज समेत प्राप्त कर सकते हैं।

### विकासखंड स्तरीय परीक्षा 7 को

**हरदा।** प्रदेश में ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर रविवार को प्रातरू 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है।

---

### विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

# दिव्यांगजनों के साथ समानता का व्यवहार किया जाना चाहिए: राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




बुधवार को महात्मा गांधी शासकीय उ.मा.विद्यालय हरदा परिसर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, गरिमा, कल्याण और समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी के बारे में जागरूकता बढाऩा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ समानता का व्यवहार किया जाना चाहिए और उन्हें दान-पुण्य के रूप में नहीं बल्कि समाज के समान और सक्षम सदस्य के रूप में देखा जाना चाहिए। दिव्यांगजनों की गरिमा और स्वावलंबन सुनिश्चित करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है और उन्हें सामाजिक व राष्ट्रीय प्रगति में भागीदार बनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में श्री राठौर ने दिव्यांग जनों को विभिन्न दिव्यांग महापुरूषों जैसे थॉमस एल्वा एडीसन जिनको जन्म से मानसिक रूप से दिव्यांग बताये जाने पर भी उन्होंने विद्युत बल्व जैसे कई अविष्कार किये। इसके साथ ही स्टीफन हॉकिंग ने दिव्यांग होते हुए भी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज की। इसी प्रकार भारतीय संगीतकार रविन्द्र जैन, द्वारा भी दिव्यांग होने के बावजूद कई लोकप्रिय भजनों एवं फिल्मी गीतों को संगीतबद्ध किया। उनके द्वारा इन दिव्यांग महापुरूषों का उदाहरण देते हुए उपस्थित दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाया गया तथा उन्हें भविष्य में आगे बढने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि कमल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोद, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एच.पी. सिंह, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने भी दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम में अधिकारीगण, दिव्यांगजन तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स सुरेन्द्र कौर आदि उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन**

बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन शासकीय डॉ. बी.आर. अम्बेडकर उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि कमल पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदा भारती राजू कमेड़यि, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हरदा दर्शन सिंह गहलोत, कलेक्टर सिद्वार्थ जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर, योगमाया शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनो के लिये 50 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, चित्रकला, गायन, मोट्रेट ट्राईसिकल दौड़, चम्मच दौड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के सफल 5 वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीयों द्वारा नशामुक्ति ई-शपथ लेने एवं शासन द्वारा चलाई जा रही नशामुक्ति अभियान मुहिम में जन समूह की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

---

### विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

# एचआईवी के लक्षण, कारण व बचाव के बारे में बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को हामगार्ड कार्यालय, हरदा में एचआईव्ही के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा चंद्रशेखर राठौर ने उपस्थित जनों को एड्स की बीमारी तथा एचआईव्ही से होने वाले रोग के लक्षण, कारण एवं बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। श्री राठौर ने बताया कि विश्व एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है।

इसका उद्देश्य एचआईव्ही/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना, इससे जुड़े मिथ्यो को दूर करना, संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दिखाना और बीमारी से जान गंवाने वाले को याद करना है। उन्होने बताया कि एड्स की बीमारी ह्यूमन इम्यूनोडेफिसिएंसी सिंड्रोम नामक वायरस के कारण होता है। यह वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है और उसे कमजोर बना देता है, जिससे शरीर सामान्य संक्रमणों और बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी खो देता है। एचआईव्ही असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, सुईयों का साझा उपयोग एवं माँ से बच्चे में फैलता है। एड्स एक लाईलाज बीमारी है, जिससे बचने का सबसे बेहतर तरीका रोकथाम और जागरूकता है। सुरक्षित यौन संबंध, नियमित जांच, साफ-सुथरी सुईयां, इत्यादि उपायों के द्वारा एड्स से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।

भारत सरकार राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से रोकथाम, उपचार और देखभाल में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है जिसमें मुफ्त एचआईव्ही परीक्षण और एंटीरेट्रोवाइरल थैरेपी ए.आर.टी. शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एच.पी. सिंह, समन्वयक आरवीएसके प्रोग्राम आशीष साकल्ले, काउंसलर जिला एड्स नियंत्रण समिति संगीता सोलंकी, होमगार्ड कार्यालय के स्टॉफ, नागरिकगण तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स सुरेन्द्र कौर उपस्थित रहे।

---

### डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दूध के सैम्पल लिए

# 2 प्रकरणों में अस्वच्छता पर 25-25 हजार का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




हरदा में खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो मिष्ठान भंडारों पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। इसके अतिरिक्त, विभाग ने विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों से दूध के नमूने भी एकत्र किए हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने बुधवार को हरदा स्थित कृष्णा डेयरी से दूध का सैंपल लिया। यह सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। इससे पहले मंगलवार को भी हरदा के कृष्णा डेयरी बस स्टैंड और मदर डेयरी के इंदौर रोड आउटलेट से दूध के नमूने लिए गए थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले ने बताया कि मंगलवार को लिए गए दोनों सैंपल भी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। कांबले ने यह भी जानकारी दी कि एडीएम कोर्ट ने 12 नवंबर 2025 को दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की। सोडलपुर के श्रीकृष्ण मिष्ठान भंडार और ब्रजमोहन मिष्ठान भंडार पर स्वच्छता मानकों का पालन न करने (हाइजीन अस्वच्छता) के कारण 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

---

### ज्ञापन देकर पूर्व में उठाए मुद्दों को याद दिलाया

# तहसीलदार से मिला किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव।



भाकिसंघ का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को रहटगांव तहसीलदार देवशंकर धुर्वे से मुलाकात की और ज्ञापन दिया। जिसमें बताया की पूर्व में कई बार संगठन द्वारा आवेदनों के माध्यम से कई विषयो पर अवगत करा चुके हैं। तहसील कार्यालय द्वारा आज दिनाँक तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। शासन प्रशासन का रवैया यह विलकुल गलत है। किसानों के लिए एवं आज तक आदेशानुसार सीमांकन की कोई टीम गठित नहीं की गई।इसलिए संगठन को आपके प्रति नाराजगी है और दिये गये आवेदन पर 3 दिन में कार्यवाही करके संगठन को लिखित अवगत करे अन्यथा संगठन को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी। जिसमें फूलडी गोहे का सीमांकन कर रास्ता निकाला जाए और जल्द से जल्द सीमांकन किया जाए। इस द्वारा उपस्थित तहसील प्रभारी लोकेश गोर, तहसील मंत्री सियाराम ,संभागीय सदस्य युवा वाहिनी विष्णु गौर, संभागीय सदस्य हरिओम गौर, तहसील सदस्य मनोज ,तहसील मीडिया प्रभारी नंदलाल पटेल मौजूद रहे। इस संबंध में रहटगांव-तहसीलदार देवशंकर धुर्वे ने बताया की।किसान संघ द्वारा विभिन्न भुमियो का सीमांकन कर जगह चिन्हित करने की मांग रखी गई थी, इसके लिए पटवारियों का दल गठित कर जल्द उक्त भुमियो का सीमांकन कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

---

### कबड्डी के प्रदर्शन के साथ हुई सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत

# खेल से जुड़ी प्रतिभाएं कर रहीं हैं जिले का नाम रोशन: पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत मंगलवार को कबड्डी खेल प्रदर्शन के साथ ही हुई। सांसद खेल महोत्सव के तहत हरदा विधानसभा में मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़यि, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद हरदा अंशुल गोयल, जिला अध्यक्ष भाजपा राजेश वर्मा, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल द्वारा उद्घाटन किया गया। पूर्व मंत्री पटेल ने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली प्रतिभा को हरदा जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं एवं सांसद खेल महोत्सव का ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल ने खिलाड़ियों को अनुशासन व नियम से खेल हेतु शपथ दिलाई।

ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि विधानसभा स्तर की प्रथम खेल प्रतियोगिता शुरूआत खो खो खेल से हुई। खो खो खेल प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग में ग्राम मसनगांव, चारूवा, हंडिया, छीपाबड़, मांदला, सांदीपनी स्कूल खिरकिया, शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, शासकीय महात्मा गांधी स्कूल हरदा, शास कन्या शाला हरदा, जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा, सनफ्लावर स्कूल, संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा के लगभग 560 बच्चो ने भाग लिया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में सांदीपनी स्कूल खिरकिया विरुद्ध खो खो कल्याण संघ हरदा के मध्य खेला गया, जिसमें सांदीपनी स्कूल विजेता रहा।

बालिका वर्ग फाइनल मैच खो खो कल्याण संघ हरदा विरुद्ध सनफ्लावर स्कूल हरदा के मध्य हुआ। जिसमें खो खो कल्याण संघ विजेता रहा। इस प्रकार बालक वर्ग में सांदीपनी विद्यालय खिरकिया विजेता तथा खो खो कल्याण संघ हरदा उप विजेता रहा तथा जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा तृतीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में खो खो कल्याण संघ हरदा विजेता , सनफ्लावर स्कूल हरदा उपविजेता तथा शासकीय हाई स्कूल चारूवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### युवक की दुर्घटना में हुई मौत को लेकर धरना दिया

# ठेकेदार और अफसरों पर अपराध दर्ज करने मांग



**झिरन्या।** आभापुरी के युवक उमेश पिता लक्ष्मीनारायण चौहान की वाहन दुर्घटना में हुई मृत्यु को लेकर बुधवार को जन आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने लायखेडी फाटे पर धरना दिया और प्रधानमन्त्री सड़क योजना के महाप्रबंधक योगेश शर्मा, सहायक प्रबंधक संजीव भटोरे और ठेकेदार धर्मेन्द्र जायसवाल के विरुद्ध अपराधिक-मामला दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान ग्राम आभापुरी, जामर्दा, चैनपुर, खोई, टिगरिया, साका, शिवना, बागदरी आदि गांवों के ग्रामीण आये थे। उनमें इस बात को लेकर रोष था कि ठेकेदार ने सड़क के पैच वर्क और नवीनीकरण ने नाम पर दो सप्ताह पूर्व सड़कें उखाड़ दी एवं बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए। जिसमें रात-दिन दुर्घटनाएं हो रही है और अकाल-मौतों का सिलसिला चल रहा है। लेकिन उक्त अधिकारियों की निष्क्रियता और लापरवाही से दुर्घटनाओं का सिलसिला निरंतर चल रहा है। यही नहीं युवक की मृत्यु के बाद रात में उसी स्थान पर ग्राम चैनपुर के विनय पिता दिलीप बैरागी नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार चल रहा है। ग्रामीणों ने इस बार पर भी आक्रोशित थे कि सांवरियां कंस्ट्रक्शन आभापुरी की क्रशर-मशीन से रात-दिन बिना नंबरों के करीब एक-डेढ़ दर्जन डंपर से गिट्टी परिवहन किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। इनसे सड़कों को काफी क्षति पहुँच रही है और नवनिर्मित सड़कों को पुनः अल्पावधि में ही क्षतिग्रस्त कर देंगे। धरना-स्थल पर सहायक प्रबंधक भटोरे पहुंचे थे और उन्हें ग्रामीणों के काफी आक्रोश का सामना करना पड़ा। तहसीलदार मुन्ना अड़ और थाना प्रभारी सेमलिया गेहलोद सहित भारी संख्या में गामीण उपस्थिति थे। इनमें बलिराम चौहान, संतोष नायक, रामचंद्र घोरमाड़े, पुना नायक,रमेश चौहान, जगदीश चौहान, सुभाष चौहान, शुभम पटेल, ललित जायसवाल, फ़जीत भास्करे, सीताराम डावर, रमेश सोलंकी, प्रवीण जायसवाल आदि प्रमुख हैं।

---

### नई चेतना अभियान

# महिलाओं ने जेंडर शपथ व रैली का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में जेण्डर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि ग्राम जुनापानी व मकड़ाई में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जेंडर शपथ एवं रैली का आयोजन किया। इस दौरान उन्होने कमला-कमली, दाना कोठी खाली क्यों प्रशिक्षण किट के माध्यम से महिलाओं के मुद्दो पर ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभियान की टैगलाइन एक साथ, एक आवाज समानता के लिए संकल्प का आगाज है।

---

### स्वदेशी जागरण मंच की 'स्वदेशी संकल्प यात्रा' का किया स्वागत

# आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण का आधार स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है: कमल



**हरदा।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड्स (कैट) और स्वदेशी जागरण मंच की 'स्वदेशी संकल्प यात्रा' का बुधवार को हरदा नगर में भव्य स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री कमल पटेल और नपाध्यक्ष भारती कमेडिया ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने का संदेश दिया। वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। यात्रा के आगमन पर व्यापारी, सामाजिक संगठनों के सदस्य और नागरिकों ने सहभागिता की। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय हरदा द्वारा भी यात्रा का स्वागत किया गया। स्वागत सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण का आधार स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पहले देश की सुरक्षा के लिए हथियार आयात करने पड़ते थे, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत रक्षा उपकरणों का स्वदेशी उत्पादन कर निर्यातक देश बन गया है। पटेल ने कैट टीम को इस जागरूकता यात्रा के लिए बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य है। इसी दिशा में यह स्वदेशी संकल्प यात्रा आज हरदा पहुंची है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से कैट द्वारा आयोजित यह स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा नागपुर से प्रारंभ हुई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोद, स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले, बसंत सिंह राजपूत, कैट के अध्यक्ष सरगम जैन, संगठन मंत्री दीपक नेमा सहित स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु मार्गदर्शन दिया, स्वदेशी की शपथ दिलाई और रथ को हरी झंडी दिखाकर अगले पड़ाव के लिए रवाना किया।